वि.वि. अंतर्गत मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय में अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस का आयोजन

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आज मत्स्य विज्ञान महाविद्यालय जबलपुर में विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें आज के कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नानाजी देशमुख पशुचिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के माननीय कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी जी द्वारा मातृ शक्तियों को सम्मानित करते हुए अपने सम्बोधन में कहा कि, हमें प्रसन्नता होती है कि लगातार संपूर्ण भारत ही नहीं अपितु विश्व भर में यह प्रयास किया जा रहा है कि महिलाओं की भागीदारी प्रत्येक कार्य क्षेत्रों में विशेष रुप से सामान होए और सामाजिक रुप से लगातार इसका प्रयास भी किया जा रहा है, कार्यक्रम के दौरान माननीय कुलपति जी ने विशिष्ट अतिथि विश्वविद्यालय की निदेशक अनुसंधान सेवाएं डॉ. मधु स्वामी जी का सम्मान पुष्प श्रीफल भेंट कर किया, इस अवसर पर महाविद्यालय के अधिष्ठाता डॉ अजीत प्रताप सिंह ने महाविद्यालय की समस्त नारी शक्तियों का सम्मान किया, महाविद्यालय में सभी मातृ शक्तियां विशिष्ट अतिथि के रुप में उपस्थित रही, डॉ माधुरी शर्मा सह प्राध्यापक, डॉ सोना दुबे सह प्राध्यापक, टीचिंग एसोसिएट प्रियंका गौतम, शिवानी पाठक, श्रीमती शांभवी शर्मा, श्रीमती अर्चना शर्मा, इंदु टेकाम, आकांक्षा कुर्मी, सहित महाविद्यालय की छात्राएं उपस्थित रही, कार्यक्रम की रूपरेखा माननीय अधिष्ठाता के निर्देशन में शिव मोहन सिंह ने तैयार की एवं कार्यक्रम में आशुतोष लौह वंशीए अनिल केवट, सत्येंद्र कटारा, शुभेंदु द्विवेदी, विशेष भागीदारी की, मंच संचालन प्रतीक तिवारी द्वारा किया गया.

सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी
ना.दे.प.चि.वि.वि., जबलपुर